# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद।

पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)/2015 दिनांकःजनवरी 10 ,2016

**शुद्धि पत्र**

उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)–2015 दिनांक 26–11–2015 द्वारा उपनिरीक्षक ना0पु0 प्रशिक्षण बैच–1997–98 तक के उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अनन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित की गयी। अनन्तिम वरिष्ठता सूची में निर्धारित वरिष्ठता के बारे में आपत्तियॉ प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 05–12–2015 निर्धारित की गयी थी। सम्बन्धित विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों से यह भी अपेक्षा की गयी थी कि वह इस सूची को पुलिस लाइन/थानों/कार्यालय/प्रशिक्षण संस्थानों/सम्बन्धित स्थानों पर/शाखा/इकाई में व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए उपनिरीक्षको को सूचित किया जाये तथा यदि किसी उपनिरीक्षक का नाम छूटा है अथवा डाटा त्रुटिपूर्ण है तो उसे संशोधित करा लिया जाय। इस सूची को उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **http://uppolice.gov.in** पर भी प्रदर्शित किया गया। साथ ही बहुप्रचार, प्रसार हेतु दिनांक 28–11–2015 एवं 29–11–2015 को प्रदेश स्तरीय अंग्रेजी एवं हिन्दी तथा स्थानीय स्तर के दैनिक हिन्दी समाचार पत्रों में सर्व साधारण के सूचनार्थ अनन्तिम वरिष्ठता प्रकाशित करने एवं आपत्तियॉ आमन्त्रित करने की अन्तिम तिथि 05–12–2015 होने के तथ्य से सूचित किया गया था।

2– उक्त सन्दर्भ में जनपद/इकाईयों से प्राप्त संशोधन एवं आपत्तियों का निराकरण करते हुए पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याः पॉच–470(वरिष्ठता)–2015 दिनांक 17–12–2015 द्वारा अन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित की गयी थी, जिसमें कुल–1418 उपनिरीक्षकों के नाम सम्मिलित थे। अन्तिम वरिष्ठता सूची उ0प्र0 पुलिस की उपरोक्त वेबसाईट पर सर्व सम्बन्धित के सूचनार्थ प्रदर्शित की गयी। इसके उपरान्त पुलिस मुख्यालय के शुद्धि पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)/2015 दिनॉक 06–01–2016 के माध्यम से 02 उपनिरीक्षकों के नामों को जोड़े जाने के उपरान्त अन्तिम वरिष्ठता सूची कुल–1420 उपनिरीक्षकों की है।

3– अन्तिम वरिष्ठता सूची निर्गत होने से पूर्व ही 05 उपनिरीक्षकों की मृत्यु एवं 01 उपनिरीक्षक बर्खास्त हो चुका था, किन्तु सम्बन्धित जनपद/इकाई द्वारा उनके मृत्यु/बर्खास्त होने की सूचना समय से उपलब्ध न कराये जाने के कारण उनका नाम अन्तिम वरिष्ठता सूची में अंकित किया गया, जिनका विवरण निम्नवत् है–

| क0 सं0 | मुख्य क0सं0 | बैच क0सं0 | पर्सनल नं० | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | नियुक्ति स्थान | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 96 | 64 | 822430548 | राम फकीरे सरोज | शीतल दीन सरोज | फैजाबाद | मृत्यु |
| 2 | 167 | 56 | 842230115 | दिनेश कुमार सचान | गंगादीन सचान | बदायूँ | मृत्यु |
| 3 | 470 | 124 | 782910027 | सत्येन्द्रनाथ त्रिवेदी | श्री कन्हैयालाल | कानपुर नगर | मृत्यु |
| 4 | 477 | 131 | 762220151 | सुहिष्ट सिंह यादव | सत्य नारायन सिंह | मिर्जापुर | मृत्यु |
| 5 | 794 | 448 | 982510027 | संजीव चौहान | जगदीश सिंह चौहान | एसीओ लखनऊ | मृत्यु |
| 6 | 173 | 72 | 842700074 | सैयाद जावेद अली | सैयाद अली हासमी | मेरठ | बर्खास्त |

4– अतः सम्बन्धित जनपद/इकाई से एवं नामिनल रोल डाटाबेस प्रणाली में उपलब्ध सूचना के आधार पर उपरोक्त 06 उपनिरीक्षक ना0पु0 के नामों को पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)2015 दिनांक 17–12–2015 द्वारा प्रकाशित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची से विलोपित किया जाता है। उपरोक्त नामों के विलोपित किये जाने पर किसी उपनिरीक्षक के वरिष्ठता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अन्य सभी उपनिरीक्षकों की बैच कम संख्या यथावत रहेगी तथा विलोपित किये गये उपनिरीक्षकों की बैच क्रम संख्या तथा मुख्य क्रम संख्या को रिक्त समझा जायेगा।

5— अतः अब अन्तिम वरिष्ठता सूची कुल 1414 उपनिरीक्षकों की है तथा पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)–2015 दिनांकः17–12–2015 एवं शुद्धि पत्र दिनॉक 06–01–2016 द्वारा प्रकाशित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये।

(भगवान स्वरूप)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना
उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः**—निनलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, फैजाबाद/बदायूॅं/कानपुरनगर/मीरजापुर एवं मेरठ।

2— पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन उ0प्र0 लखनऊ।

संख्या तथा दिनांक वही।

**प्रतिलिपिः**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— अपर पुलिस महानिदेशक,कार्मिक उ0प्र0 लखनऊ

2— पुलिस महानिरीक्षक स्थापना उत्तर प्रदेश लखनऊ।

3— सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।

4— पुलिस महानिरीक्षक तकनीकी सेवायें उ0प्र0 लखनऊ को पुलिस की वेबासाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।

-----